16/09/20

# राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी के छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन पढ़ाने की कवायद तेज

**संवाददाता**

थराली। राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी के सभी संस्थागत छात्र, छात्राओं की आईडी बनने के बाद ऑनलाइन पढ़ाई में तेजी आने की संभावना बढ़ गई हैं। इसमें व्यापकता लाने के लिए कालेज में सभी विषय अध्यापकों को एक दिवसीय टीसीएस ऑनलाइन पढ़ाई का विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

कोविड़ 19 में छात्रों को ऑनलाइन पढ़ाने की लगातार कवायदें पूरे राज्य में जारी हैं इसी के तहत कई महत्वपूर्ण संसाधनों से महरूम पिंडर घाटी के राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी भी ऑनलाइन पढ़ाई की कवायद में जुटा हुआ हैं। इस के तहत गत दिवस कालेज में सभी विषयों के प्राध्यापकों को टीसीएस ऑनलाइन के माध्यम से एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें ऑनलाइन पढ़ाने की तमाम विधाओं की जानकारी देते हुए बताया गया कि कोरोना संक्रमण के इस दौर में छात्र,छात्राओं को बेहतरीन तरीके से पढ़ाया जा सकता हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वाईसी सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं मुख्य प्रशिक्षक डॉ सोमेश पाटनी ने ऑनलाइन पढ़ाई की तकनीकी की जानकारी दी।

जबकि महाविद्यालय की लर्निंग आफिसर डॉ प्रतिभा आर्य ने बताया कि महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों के साथ ही संस्थागत छात्र छात्राओं की आईडी बना कर उन्हें दी जा रही हैं। जिससे ऑनलाइन पढ़ाई में तेजी लाई जा सके। इस डॉ प्रदीप पांडे, डॉ नीतू पांडे, शंकर राम, अनुज कुमार, पवन कुमार, सचिन सेमवाल, कु० सुमन फुलारा, रविंद्र नेगी, भूपेंद्र पंचवाल आदि ने इस शिविर में भाग लिया।

उनियाल रतन मनी गौड़ विनोद सेमवाल

# ऑनलाइन पढ़ाई की कवायद हुई तेज

**उत्तर भारत लाइव ब्यूरो**
uttarbharatlive.com

## अध्यापकों को एक दिवसीय टीसीएस प्रशिक्षण दिया

**थराली।** राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी के सभी संस्थागत छात्र, छात्राओं की आईडी बनने के बाद ऑनलाइन पढ़ाई में तेजी आने की संभावना बढ़ गई है। इसमें व्यापकता लाने के लिए कालेज में सभी विषय अध्यापकों को एक दिवसीय टीसीएस ऑनलाइन पढ़ाई का विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

कोविड़-19 में छात्रों को ऑनलाइन पढ़ाने की लगातार कवायदें पूरे राज्य में जारी है। इसी के तहत कई महत्वपूर्ण संसाधनों से महरूम पिंडर घाटी के राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी भी ऑनलाइन पढ़ाई की कवायद में जुटा हुआ है।

इसके तहत गत दिवस कालेज में सभी विषयों के प्राध्यापकों को टीसीएस ऑनलाइन के माध्यम से एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें ऑनलाइन पढ़ाने की तमाम विधाओं की जानकारी देते हुए बताया गया कि कोरोना संक्रमण के इस दौर में छात्र,छात्राओं को बेहतरीन तरीके से पढ़ाया जा सकता है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वाईसी सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं मुख्य प्रशिक्षक डॉ सोमेश पाटनी ने ऑनलाइन पढ़ाई की तकनीकी की जानकारी दी। जबकि महाविद्यालय की लर्निंग आफिसर डॉ प्रतिभा आर्य ने बताया कि महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों के साथ ही संस्थागत छात्र छात्राओं की आईडी बना कर उन्हें दी जा रही हैं। जिससे ऑनलाइन पढ़ाई में तेजी लाई जा सके। इस मौके पर डॉ प्रदीप पांडे, डा. नीतू पांडे, शंकर राम, अनुज कुमार, पवन कुमार, सचिन सेमवाल, सुमन फुलारा, रविंद्र नेगी, भूपेंद्र पंचवाल आदि ने इस शिविर में भाग लिया।

